**विरोध** | जिले के बड़वारा में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, कलेक्टर के नाम सौंपा तहसीलदार को ज्ञापन

# अनुमति से अधिक रेत का भंडारण, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन




**नवभारत, कटनी।** जिले की बड़वारा तहसील में रेत के अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन के खिलाफ ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। काफी संख्या में ग्रामीणों ने बड़वारा के परमानंद तिराहे से काली पट्टी बांधकर और अब तक की शिकायतों का पुलिंदा लेकर तहसील कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए पहुंचे।

कार्रवाई नहीं होने से उन्होंने मौजूदा सरकार, खनिज विभाग और स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाए। विरोध प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने तहसीलदार ऋषि गौतम को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर जांच कर कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन देने आए ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में पूंजीपतियों द्वारा नियमों के विरुद्ध लगातार रेत का उत्खनन, परिवहन और भंडारण किया जा रहा है। ग्रामीण राघवेंद्र सिंह ने बताया कि रेत के अवैध उत्खनन, भंडारण और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कई बार शिकायतें की गई हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय से लेकर जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली से निराश होकर उन्हें विरोध के लिए मजबूर होना पड़ा है। ग्रामीणों ने बड़वारा तहसील के विलायत कला ग्राम पंचायत के गुड़ा मोड़ के पास किए गए रेत के भंडारण पर आपत्ति जताई। अवध लाल यादव ने बताया कि यहां अनुमति से कई गुना ज्यादा रेत का भंडारण किया गया है,

जिससे पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में भी कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीण राहुल चौधरी ने कहा कि कंपनी द्वारा किए जा रहे अवैध रेत खनन, परिवहन और भंडारण की जांच के लिए ज्ञापन सौंपा गया है। एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई नहीं की जाएगी तो तो सैकड़ों ग्रामीण रेत भंडारण स्थल पर ही धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

## ईकेवायसी के लिए टीम का गठन

**नवभारत कटनी।** समग्र पोर्टल में नागरिकों के समग्र आईडी का आधार के साथ शत-प्रतिशत ई-केवायसी कार्य पूरा कर शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिकों को प्रदान करने के उद्देश्य से निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने नगर पालिक निगम कटनी सीमांतर्गत समग्र आईडी को रिकवर करने व ई-केवायसी कार्य पूरा कराने के लिए दल का गठन किया है। उपायुक्त द्वारा गठित दल में इस कार्य के लिए 5 आउटसोर्स कर्मचारियों, दो अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए 30 जुलाई से दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक समग्र काउंटर कक्ष क्रमांक 51 में कार्य करने के निर्देश दिए हैं। समग्र आईडी को रिकवर करने और नागरिकों की ई-केवायसी कार्य के लिए दल गठित किया गया है।

# बागेश्वर धाम आश्रम से नीलकंठेश्वर भक्ति धाम तक जाएगी कांवड़ यात्रा

**नवभारत कटनी।** पुरैनी स्थित बागेश्वर धाम आश्रम से तीन अगस्त सुबह सात बजे से कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। कांवड़ यात्रा विजयराघवगढ़ के सलैया पड़खरी स्थित नीलकंठेश्वर धाम पहुंचेगी।बागेश्वर धाम आश्रम की शिष्य मंडली ने क्षेत्रवासियों से इस ऐतिहासिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं से कहा गया है। धाम के संचालक मदनलाल ग्रोवर ने बताया कि यह आयोजन क्षेत्र में एक पवित्र संदेश लेकर आएगा। सावन के पावन महीने में महादेव स्वयं कांवड़ यात्रा के माध्यम से हमें आशीर्वाद देने आ रहे हैं। यह शुभ संकेत है कि भोलेनाथ की विशेष कृपा इस भूमि पर बरसने वाली है। विजयराघवगढ़ का नीलकंठेश्वर भक्ति धाम महादेव की उपासना का प्रमुख स्थल बन गया है। लगभग 35 वर्षों से स्थापित इस धाम में देवी-देवताओं के मंदिरों को भी स्थापित किए गए हैं। कांवड़ लेकर चलने वाले श्रद्धालुओं के लिए सामाजिक और धार्मिक संगठनों द्वारा सेवा शिविर, जलपान सहित स्वास्थ्य सहायता की व्यवस्था भी की जाएगी। बाबू ग्रोवर ने बताया कि यह सब भोलेनाथ की इच्छा है, हम तो मात्र निमित्त हैं। यह आयोजन न कोई करा रहा है, न कोई कर सकता है, यह शिव की प्रेरणा है, और यह आयोजन उनकी ही इच्छा से संभव हो रहा है। यह पहली बार है जब कटनी जिले की धरती पर इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेकर नीलकंठेश्वर धाम की ओर प्रस्थान करेंगे। यह न सिर्फ धार्मिक विश्वास का उत्सव है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी संस्कृति और श्रद्धा का एक जीवंत उदाहरण बनेगा।

## एक नजर में

### दमोह में मिली बाकल क्षेत्र से लापता हुई महिला

**नवभारत, बाकल।** जिले के बाकल थाना अंतर्गत क्षेत्र से लापता हुई एक महिला को पुलिस ने दमोह से खोज निकाला है। पुलिस ने महिला को उसके परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि बाकल निवासी एक वृद्ध द्वारा अपनी पत्नी के गुम होने की सूचना बाकल थाने में दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस टीम ने लापता महिला की तलाश शुरू की। पुलिस ने टीम ने सभी संभावित स्थानों में लापता महिला की तलाश की। इस बीच पुलिस को जानकारी मिली कि महिला दमोह में। पुलिस टीम ने दमोह जाकर महिला को सकुशल वापस लाया है। पुलिस टीम ने महिला को उसके परिजनों के हवाले कर दिया है। कार्रवाई में बाकल थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रतीक्षा सिंह चंदेल, प्रधान आरक्षक अवधेश मिश्रा की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, एएसपी और स्लीमनाबाद एसडीओपी के मार्गदर्शन में की गई है।

### जलभराव होने की समस्या पर कंट्रोल रूम में दें सूचना

**नवभारत, कटनी।** बारिश के दौरान शहर के सार्वजनिक मार्गो और विभिन्न बस्तियों में जलप्लावन, जलभराव की समस्या के तत्काल निराकरण के लिए नगर निगम में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। अतिवृष्टि के दौरान नागरिक बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम नंबर 07622-292740 पर संपर्क कर जलभराव की सूचना देकर समस्या का निराकरण करा सकते है। निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा बाढ़ नियंत्रण कक्ष में संलग्न कर्मचारियों को अपने-अपने शिफ्ट में उपस्थित रहकर नागरिकों की जलभराव संबंधी शिकायतों को पंजी में संधारित करते हुए संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी को शिकायतों का तत्काल निराकरण कराने के निर्देश दिए है। गौरतलब है कि निगमायुक्त द्वारा अतिवृष्टि की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना कर तीन शिफ्ट में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ हर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि शिकायत मिलने पर तत्काल एक्शन लेकर कार्रवाई की जाए। जलभराव की जानकारी मिलने के बाद जल निकासी की व्यवस्था कराने कार्रवाई शुरू की जाए। इस कार्य में लारवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# शिक्षा के साथ सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर किया गया सम्मान

**समर्पण, सेवा और संस्कार की प्रेरक मिसल बनी सीमा जैन**



**नवभारत, कटनी।** नारी शक्ति की गरिमा, शिक्षा की साधना और समाज सेवा के संकल्प को अपने जीवन में आत्मसात कर, एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करने वाली श्रीमती सीमा जैन का हाल ही में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में शिक्षा, संस्कृति और समाज सेवा में उनके योगदान को रेखांकित करते हुए अनेक विशिष्ट जनों ने उन्हें सम्मानित किया। 29 जुलाई 1963 को छत्तीसगढ़ के डोंगरगांव में जन्मीं सीमा ने बाल्यकाल से ही बहुआयामी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पांच भाई-बहनों में सबसे बड़ी होने के नाते उन्होंने न सिर्फ परिवार को संबल दिया बल्कि समाज को भी नई दिशा दी। समाज और परंपराओं की सीमाओं को पीछे छोड़ते हुए उन्होंने शैक्षणिक शिखरों को छुआ। उस दौर में जब लड़कियों की पढ़ाई को लेकर समाज संकोच करता था, सीमा ने साबित किया कि नारी अगर ठान ले तो कोई ऊंचाई असंभव नहीं। 1988 में निवासी राकेश जैन के साथ विवाह के बाद भी उन्होंने अपने शिक्षा और सेवा के पथ को कभी विराम नहीं दिया। जैन शिक्षा संस्था में शिक्षिका के रूप में अपनी सेवाएं देने के दौरान उन्होंने न सिर्फ बच्चों को पढ़ाया, बल्कि उन्हें संस्कारित भी किया। उनके पढ़ाए हुए छात्र आज देश-विदेश में नाम कमा रहे हैं, इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेटर विपिन चौरसिया, अंतरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी निखलेश जैन, और फिल्म निर्देशक सूरज सिंह राजपूत जैसे अनेक प्रतिभागी आज भी गर्व से कहते है, हम जो भी हैं, सीमा मैडम की वजह से हैं। शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ उन्होंने सामाजिक सेवा को भी बराबर महत्व दिया। वे वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई की प्रदेश महामंत्री, सुदर्शना क्लब की संरक्षक, जायंट्स ग्रुप की प्रमुख सदस्य, संस्कार भारती की सक्रिय सदस्य, और अनेक सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं।

सरकारी स्तर के स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे अनेक आयोजनों में मंच संचालन की भूमिका निभाई हैं। प्रशासनिक आयोजनों, पुलिस विभाग और सांस्कृतिक मंचों पर उनकी आवाज़ एक विशिष्ट पहचान बन गई है। एक आदर्श शिक्षिका, सक्रिय समाजसेवी और संस्कारित माता के रूप में भी वे उदाहरण हैं। उनके पुत्र रजत जैन, बहू प्राची और पौत्र-पौत्री पुण्यांश व शांभवी, सभी उनके मूल्यों और संस्कारों को आगे बढ़ा रहे हैं।

# फर्जी विक्रय पत्रों से जमीन पर कब्जे का आरोप

**शिकायत कर जांच और कार्रवाई की मांग**



**नवभारत, कटनी।** जिले की एक महिला सुकरती बाई पति बुधई कोल ने तहसील कटनी के ग्राम पहरुआ स्थित अपनी पैतृक भूमि पर फर्जी तरीके से कब्जा किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत आवेदन में पीड़िता का कहना है कि उनकी भूमि ग्राम पहरूवा का खसरा नंबर 54/1, 54/4, रकबा 0.354 हेक्टेयर और 0.789 हेक्टेयर पर उनकी बड़ी जेठानी छोटी बाई पति हसता कोल द्वारा फर्जी पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 13/08/1999, 07/12/1999 और 22/02/2000 के माध्यम से कब्जा किया गया, जबकि उनकी जेठानी छोटी बाई का कई वर्ष पूर्व निधन हो गया था। इस आधार पर उनके हस्ताक्षर और फोटो भी फर्जी तरीके से लगाए गए हैं। महिला ने बताया कि इन फर्जी विक्रय पत्रों के आधार पर भूमि का नामांतरण भी किया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी बड़ी जेठानी छोटी बाई ने किसी भी प्रकार का विक्रय पत्र अपने जीवनकाल में नहीं लिखा था। इस संबंध में पिछनले वर्ष कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

महिला ने दोबारा आवेदन देकर हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत में फर्जी विक्रय पत्रों की जांच कर दोषियों पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# बालिकाओं को बताए गए साइबर फ्राड से बचने के उपाय

**बालिका छात्रावास में पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान**



**नवभारत कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में माधव नगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने पुलिस टीम के साथ एलआईसी बिल्डिंग के पीछे स्थित बालिका छात्रावास में जागरूकता अभियान चलाया। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बालिकाओं से चर्चा की और उन्हें पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया। उन्हें बताया गया कि उनके साथ होने वाली छेड़छाड़ की घटनाएं को वह पुलिस के साथ साझा करें, ताकि समय रहते ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। उनके छात्रावास, स्कूल, कॉलेज कोचिंग संस्थानों के आसपास घूमने वाले सामाजिक तत्वों और आवारा युवकों की सूचना भी पुलिस के साथ साझा करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने उन्हें शासकीय मोबाइल नंबर देकर भरोसा दिलाया कि उनके द्वारा दी गई गोपनीय सूचनाओं पर कार्रवाई भी की जाएगी और सूचनाकर्ता का नाम गोपनीय भी रखा जाएगा। बालिकाओं को साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय भी थाना प्रभारी द्वारा बताए गए इस अवसर पर बालिका छात्रावासों की वार्डन छात्रावास का स्टाफ एवं पुलिस स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# कागजों में तैयार किया चारागाह, हकीकत में चारे का एक तिनका भी नहीं

**घनिया ग्राम पंचायत में चारागाह तैयार करने में घोटाले का आरोप, जांच की मांग**



**नवभारत रीठी।** जिले के रीठी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत घनिया में गौशाला के नाम पर विकास की बड़ी-बड़ी योजनाएं बनाई गईं। इसके लिए शासन द्वारा 14.99 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। इस धनराशि का उपयोग चारागाह विकास कार्य के लिए प्रस्तावित किया गया। जिससे गायों के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा उगाने और अन्य आवश्यक कार्य कराए जा सकें। लेकिन जब इस योजना की हकीकत की परतें खुलीं, तो सामने आया कि लाखों रुपए व्यय किए जाने के बावजूद न तो कोई चारागाह तैयार हुआ और न ही चारे का एक तिनका भी उगाया गया। ग्राम पंचायत द्वारा सूचना के अधिकार के तहत दी गई जानकारी के अनुसार, स्वीकृत 14.99 लाख में से अब तक लगभग 7.48 लाख रुपए की राशि खर्च की गई है। यह राशि मजदूरी, ट्रैक्टर से जुताई, बीज क्रय और अन्य सामग्री पर खर्च दिखाया गया है। जुताई के नाम पर ट्रैक्टर के भारी-भरकम बिल भी लगाए गए हैं। मजदूरों को कार्य के लिए भुगतान किए जाने का भी दावा किया गया है। लेकिन जब स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया, तो जो हकीकत कुछ और ही नजर आई। खर्च के दावो की पोल खुल गई। गौशाला परिसर में कोई भी चारागाह विकसित नहीं किया गया है। ज़मीन की जुताई तक नहीं हुई, न ही बीज डाले गए, और न ही चारा उगाया गया। ग्राम कछारखेड़ा निवासी पंडित कुंजबिहारी परोहा ने बताया कि घनिया गौशाला में कभी भी चारा नहीं उगाया गया। यह गंभीर वित्तीय गड़बड़ी का संकेत है। घनिया पंचायत के पूर्व सरपंच हीरालाल पटेल ने कहा, सच में चारा उगाया गया होता तो आज गाय भटकती नहीं फिरतीं। पंचायत सिर्फ कागजों में काम दिखा रही है। इस पूरे मामले में प्रशासनिक स्तर पर गंभीर अनियमितताएं दिखाई दे रही हैं। भुगतान दस्तावेज़ आधारित हैं, तो या तो दस्तावेज़ों में फर्जीवाड़ा किया गया है, या कार्यों को कागजों में पूरा दिखा दिया गया है। दोनों ही स्थितियों घोटाले का संदेह है। स्वयम सेवी संघठन सत्य संतान धर्म सभा के सचिव अखिलेश उपाध्याय ने बताया कि पंचायती योजनाओं में सबसे अधिक भ्रष्टाचार गौशालाओं, नरेगा मजदूरी और सामग्री क्रय में होता है। योजनाओं की निगरानी नहीं हो पाती और काम का मूल्यांकन सिर्फ कागजों तक सीमित रहता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की योजनाओं की जांच के लिए उन्होंने कलेक्टर को पत्र लिखा है और मांग की है कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

# कजलिया मेला : गड्ढों में कराएं फिलिंग, नदी किनारे करें सुरक्षा व्यवस्था

**महापौर ने किया निरीक्षण, दिए पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश**



**नवभारत कटनी।** नगर की आस्था और परंपरा से जुड़े प्रसिद्ध कजलिया मेला का आयोजन 10 अगस्त को किया जाएगा। तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा आजाद चौक स्थित गाटर घाट मेला स्थल का निरीक्षण किया गया। महापौर ने पूरे मेला स्थल का पैदल भ्रमण कर स्टेज के समक्ष गड्ढों की मलमे से फिलिंग कराकर ब्लू डस्ट डलवाने, नदी किनारे सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से तैराक और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के साथ ही साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पार्किंग सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाए, ताकि श्रद्धालुओं और आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। महापौर ने यह भी कहा कि कजलिया मेला शहर की आस्था, संस्कृति और परंपरा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण आयोजन है, इसलिए इसकी तैयारियों के लिए नगर निगम के सभी विभागों के अधिकारी आपस में सामंजस्य स्थापित करते हुए सक्रियता से कार्य कर कजलिया मेला को सफल, सुरक्षित और श्रद्धालुओं के लिए यादगार आयोजन बनाने की दिशा में कार्य करें। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू शिब्बू, रमेश सोनी, बीना बैनर्जी, सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, उमेन्द्र अहिरवार, वंदना राजकिशोर यादव, पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी सहित अन्य की उपस्थिति रही।

# किसानों ने पान बरेजों में जाकर की नागबेल की पूजा

**उमरियापान में धूमधाम से मनाई गई नागपंचमी**



**नवभारत उमरियापान।** जिले के उमरियापान में नागपंचमी, चौरसिया पर्व में चौरसिया समाज द्वारा हर्षोल्लास उमंग के साथ मनाया। किसानों ने सुबह से अपने-अपने पान बरेजों में जाकर नागबेल की पूजा अर्चना कर दूध, नारियल अर्पण किया। नागपंचमी पर्व पर चौरसिया नवयुवक मंडल के तत्वाधान में मंगल भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें समाज के बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। अतिथियों द्वारा बच्चों को प्रोत्साहन राशि दी गई। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करने के लिए अतिथियों द्वारा सम्मानित कर प्रशस्तिपत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । चौरसिया समाज के लोग मंगल भवन में एकत्रित होकर बैंड बाजे एवं डीजे की धुन के साथ जुलूस नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए ढीमरखेड़ा रोड स्थित नर्मदा नहर के समीप चिहुटिया महाराज के चबूतरा पर पहुंचे । समाज के लोगों ने चिहुटिया महाराज मनियां देव के जयकारों के साथ पूजन अर्चन कर प्रसाद वितरण किया।


धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
-ओपीडी-
सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024



17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव
आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस
www.curezon.com
क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करे।
Dr.V.B.Khare
क्योर जोन
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र
डॉ. व्ही. बी. खरे
M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)
डॉ. अनुभा खरे
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)
चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।
मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111


**पौधरोपण** | सफाई मजदूर दिवस पर स्वच्छता मित्रों की मौजूदगी में किया गया पौधरौपण, संरक्षण का लिया संकल्प

# पेड़ न सिर्फ हमारे जीवन का आधार हैं, बल्कि यह धरती माता का आभूषण भी हैं




**नवभारत, कटनी।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सफाई अमृत हरित महाअभियान के तहत चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य में प्रेम नगर एनकेजे स्थित प्रधान मंत्री आवास योजना बस्ती में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सफाई मजदूर दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित इस नवाचार कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे सहित उपस्थित निगम पार्षदों ने स्वच्छता मित्रों, सफाई यूनियन के पदाधिकारियों ने एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाकर प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन किया। कार्यक्रम के दौरान महापौर ने कहा कि सफाई मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित इस महाअभियान को मां के साथ जोड़कर भावनात्मक जुड़ाव पैदा किया गया है, जिससे हर व्यक्ति प्रेरित होकर अपनी मां की स्मृति में एक पौधा लगाए और उसका संरक्षण भी करे। उन्होंने आगे कहा कि वृक्ष न सिर्फ हमारे जीवन का आधार हैं, बल्कि यह धरती माता का आभूषण भी हैं। हमें सिर्फ पौधारोपण नहीं करना है, बल्कि उसका पालन-पोषण भी करना है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने निगम प्रशासन के माध्यम से नगर में पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे पौधारोपण की जानकारी देते हुए आगे भी जनसहयोग से यह अभियान लगातार जारी रहने की बात कही। उन्होने कहा कि हर व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाए।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों द्वारा अधिक से अधिक पौधारोपण करने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर श्रीमति गायत्री गुप्ता, रेखा खटीक, ऊषा पटेल, अर्चना काछी, प्रतिभा श्रीवास्तव, नगर निगम उपायुक्त शैलेश गुप्ता सहित निगम के अधिकारी कर्मचारियों, स्वास्थ्य विभाग के वार्ड दरोगा, स्वच्छता मित्रों सहित अन्य स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।